उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025

(उत्तराखण्ड विधेयक संख्या वर्ष 2025)

उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (अधिनियम संख्या 06 वर्ष 2017) को अग्रेत्तर संशोधित करने के लिए-

विधेयक

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में उत्तराखण्ड राज्य विधान-मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ	1.	(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2025 है। (2) इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, (क) खण्ड 7, 37 और 39 में उल्लिखित उपबंध दिनांक 27 सितम्बर, 2024 को प्रवृत्त हुए समझे जायेंगे; (ख) खण्ड 34 में उल्लिखित उपबंध दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 को प्रवृत्त हुए समझे जायेंगे; (ग) खण्ड 3 से 6, खण्ड 8, खण्ड 10 से 33, खण्ड 35 और 36 और खण्ड 38 दिनांक 01 नवम्बर, 2024 को प्रवृत्त हुए समझे जायेंगे; (घ) खण्ड 2 और 9 में उल्लिखित उपबंध दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को प्रवृत्त होंगे।
धारा 2 का संशोधन	2.	उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम (जिसे इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 2 में, खण्ड (61) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:- '(61) "इनपुट सेवा वितरक " से माल या सेवाओं या दोनों के ऐसे आपूर्तिकर्ता का कार्यालय अभिप्रेत है, जो इनपुट सेवाओं की प्राप्ति के सापेक्ष कर बीजक प्राप्त करता है, जिसमें धारा 25 में संदर्भित विशिष्ट व्यक्तियों के लिए या उसके निमित्त धारा 9 की उपधारा (3) या उपधारा (4) के अंतर्गत कर के लिए दायी सेवाओं के सम्बन्ध में बीजक सम्मिलित है, और धारा 20 में दी गयी रीति में ऐसे बीजक के सम्बन्ध में इनपुट टैक्स क्रेडिट वितरित करने लिए दायी है;'।
धारा 9 का संशोधन	3.	"मूल अधिनियम" की धारा 9 में, उपधारा (1) में, "मानवीय उपभोग के लिए मद्यसारिकपान" शब्दों के पश्चात् "और मानव उपभोग के लिए शराब के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले गैर-विकृत एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल या अविकृत स्प्रिट" शब्द अंत:स्थापित किये जायेंगे।
धारा 10 का संशोधन	4.	"मूल अधिनियम" की धारा 10 में, उपधारा (5) में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द, अंक और अक्षर अंत:स्थापित किये जायेंगे।
नयी धारा 11 क का अन्तः स्थापन प्रचलित पद्धति के परिणामस्वरूप उद्गृहित नहीं किये गए या कम उद्गृहित किये गए माल और सेवा कर को वसूल नहीं	5.	"मूल अधिनियम" की धारा 11 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्:- "11 क. इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, यदि सरकार का यह समाधान हो जाता है कि — (क) किसी माल या सेवा या दोनों की आपूर्ति पर राज्य कर के उद्गृहण (उसके गैर उद्गृहण सहित) के सम्बन्ध में कोई पद्धति साधारणतया प्रचलन में थी, या है; और (ख) ऐसी आपूर्तियाँ, जो निम्नलिखित के लिए दायी थी या हैं - (i) उन मामलों में, जहां उक्त पद्धति के अनुसार, राज्य कर उद्गृहित नहीं किया गया था, या उद्गृहित नहीं किया जा रहा है, राज्य कर; या

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

किये जाने की शक्ति		((ii) राज्य कर की ऐसी राशि, जिसे उक्त पद्धति के अनुसार, उद्गृहित किया जा रहा था, या किया जा रहा है, से उच्चतर राशि है, तो सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्देश दे सकती है कि ऐसी आपूर्ति पर देय राज्य कर की पूरी राशि, या ऐसी आपूर्ति पर देय राज्य कर की अतिरिक्त राशि, जैसी भी स्थिति हो, उन आपूर्ति के संबंध में जिन पर राज्य कर नहीं लगाया गया था, या नहीं लगाया जा रहा है, या कम लगाया गया था, या कम लगाया जा रहा है, उक्त पद्धति के अनुसार, न तो देय होगी और न ही देय मानी जाएगी ।"।
धारा 13 का संशोधन	6.	"मूल अधिनियम" की धारा 13 में, उपधारा (3) में, (i) खण्ड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:- "(ख) आपूर्तिकर्ता द्वारा, ऐसे मामलों में, जहां आपूर्तिकर्ता द्वारा बीजक जारी किया जाना अपेक्षित है, बीजक या उसके बजाय कोई अन्य दस्तावेज, चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, जारी किये जाने की तारीख से साठ दिवस के ठीक पश्चातवर्ती तारीख; या"; (ii) खण्ड (ख) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंत:स्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:- "(ग) ऐसे मामलों में जहाँ प्राप्तिकर्ता द्वारा बीजक जारी करना है, प्राप्तिकर्ता द्वारा बीजक जारी करने की तारीख:"; (iii) प्रथम परंतुक में, शब्दों, कोष्ठकों और अक्षर "या खण्ड (ख)", के पश्चात शब्द, कोष्ठक और अक्षर "या खण्ड (ग)" अंत:स्थापित किये जायेंगे।
धारा 16 का संशोधन	7.	"मूल अधिनियम" की धारा 16 में, 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी, उपधारा (4) के पश्चात्, निम्नलिखित उपधाराएं अंत:स्थापित कर दी जाएंगी, अर्थात्: – "(5) उपधारा (4) में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित माल या सेवाओं या दोनों की आपूर्ति के लिए बीजक या डेबिट नोट के संबंध में, रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को धारा 39 के अधीन किसी भी विवरणी, जो 30 नवंबर, 2021 तक दाखिल की गयी हो, में इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने का हक़दार होगा। (6) जहां किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण धारा 29 के अधीन रदद् किया जाता है और तत्पश्चात् या तो धारा 30 के अधीन किसी आदेश द्वारा या अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय द्वारा किये गये किसी आदेश के अनुसरण में, रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण प्रतिसंहृत किया जाता है और जहाँ बीजक या नामे (डेबिट) नोट के सम्बन्ध में इनपुट कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का लाभ। रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के आदेश की तारीख को उपधारा (4) के अधीन प्रतिबंधित नहीं था, उक्त व्यक्ति माल या सेवाओं या दोनों की आपूर्ति के ऐसे बीजक या नामे नोट के संबंध में 39 में दाखिल विवरणी में इनपुट कर प्रत्यय लेने का हक़दार होगा,—— (i) उस वित्तीय वर्ष के पश्चातवर्ती 30 नवंबर तक ,जिससे ऐसा बीजक या डेबिट नोट सम्बंधित है दाखिल की जाती है ,या सुसंगत वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने तक, जो भी पहले हो; या (ii) रजिस्ट्रीकरण निरस्त करने की तारीख या रजिस्ट्रीकरण निरस्त करने की प्रभावी तारीख से लेकर, जैसी भी स्थिति हो, रजिस्ट्रीकरण निरस्तीकरण के प्रतिसंहरण करने के आदेश की तारीख तक की अवधि के लिए, जहां ऐसी विवरणी रजिस्ट्रीकरण निरस्तीकरण के प्रतिसंहरण करने के आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर, जो भी बाद में हो, दाखिल की गई हो।"।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

धारा 17 का संशोधन	8.	मूल अधिनियम की धारा 17 में, उपधारा (5) में, खण्ड (झ) में, "धारा 74, धारा 129 और धारा 130" शब्दों और अंकों के स्थान पर "वित्तीय वर्ष 2023-24 तक किसी भी अवधि के सम्बन्ध में धारा 74" शब्द और अंक प्रतिस्थापित किये जायेंगे।
धारा 20 का संशोधन इनपुट सेवा वितरक द्वारा प्रत्यय के वितरण की रीति	9.	"मूल अधिनियम" की धारा 20 के स्थान पर निम्नलिखित धारा प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्:- "20(1) माल या सेवाओं या दोनों के आपूर्तिकर्ता का कोई कार्यालय, जो इनपुट सेवाओं की प्राप्ति के सापेक्ष या धारा 25 में संदर्भित सुभिन्न व्यक्तियों के निमित्त कर बीजक प्राप्त करता है, जिसके अंतर्गत धारा 9 की उपधारा (3) या उपधारा (4) के अंतर्गत कर के लिए दायी सेवाओं के सम्बन्ध में बीजक सम्मिलित है, से धारा 24 की खण्ड (viii) के अधीन इनपुट सेवा वितरक के रूप में रजिस्ट्रीकृत होना अपेक्षित होगा और वह ऐसे बीजकों के सम्बन्ध में इनपुट टैक्स क्रेडिट वितरित करेगा। (2) इनपुट सेवा वितरक, उसके द्वारा प्राप्त किये गए बीजकों पर प्रभारित राज्य कर या एकीकृत कर का क्रेडिट, जिसके अंतर्गत धारा 9 की उपधारा (3) या उपधारा (4) के अंतर्गत उसी राज्य में रजिस्ट्रीकृत सुभिन्न व्यक्ति द्वारा संदत्त कर के उद्ग्रहण के अधीन रहते हुए सेवाओं के सम्बन्ध में राज्य या एकीकृत कर का क्रेडिट शामिल है, ऐसी रीति और ऐसे समय के भीतर और ऐसे प्रतिबंधों और शर्तों के अधीन, जैसा कि विहित किया जाए, वितरित करेगा। (3) राज्य कर का क्रेडिट राज्य कर या एकीकृत कर और एकीकृत कर का एकीकृत कर या राज्य कर के रूप में, ऐसा दस्तावेज जारी करके, जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट की राशि निहित हो, ऐसी रीति में, जैसी कि विहित की जाए, वितरित किया जाएगा।"
धारा 21 का संशोधन	10.	"मूल अधिनियम" की धारा 21 में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द, अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 30 का संशोधन	11.	"मूल अधिनियम" की धारा 30 में, उपधारा (2) में, परंतुक के पश्चात्, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:- "परन्तु यह और कि ऐसे रजिस्ट्रीकरण के निरस्तीकरण का प्रतिसंहरण ऐसी शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन होगा, जैसा कि विहित किया जाए।"।
धारा 31 का संशोधन	12.	"मूल अधिनियम" की धारा 31 में, (क) उपधारा (3) में, खण्ड (च) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:- "(च) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जो धारा 9 की उपधारा (3) या उपधारा (4) के अधीन कर संदत्त करने के लिए दायी है, उसके द्वारा किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता से, जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है, प्राप्त माल या सेवाओं या दोनों की प्राप्ति की तारीख को माल या सेवाओं या दोनों के सम्बन्ध में, ऐसी अवधि के भीतर, जो विहित की जाए, बीजक जारी करेगा;"; (ख) खण्ड (छ) के पश्चात् निम्नलिखित स्पष्टीकरण अंत:स्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात् :- '*स्पष्टीकरण*- खण्ड (च) के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "आपूर्तिकर्ता, जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है" में आपूर्तिकर्ता, जो मात्र धारा 51 के अधीन कर की कटौती के लिए रजिस्ट्रीकृत है, सम्मिलित है।"।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

धारा 35 का संशोधन	13.	"मूल अधिनियम" की धारा 35 में, उपधारा (6) में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 39 का संशोधन	14.	"मूल अधिनियम" की धारा 39 में, उपधारा (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा प्रतिस्थापित कर दी जाएगी, अर्थात् :- "(3) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिससे धारा 51 के अधीन स्रोत पर कर कटौती किया जाना अपेक्षित है, प्रत्येक कैलेंडर माह के लिए माह में की गयी कटौती की विवरणी, ऐसे प्ररूप और रीति और ऐसे समय के भीतर, जैसा कि विहित किया जाए, इलेक्ट्रानिक रूप से प्रस्तुत करेगा: परन्तु यह कि उक्त रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति प्रत्येक कैलेंडर माह के लिए विवरणी प्रस्तुत करेगा चाहे उक्त माह में कोई कटौती की गयी हो या नहीं। "।
धारा 49 का संशोधन	15.	"मूल अधिनियम" की धारा 49 में, उपधारा (8) में, खण्ड (ग) में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 50 का संशोधन	16.	"मूल अधिनियम" की धारा 50 में, उपधारा (1) में, परंतुक में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 51 का संशोधन	17.	"मूल अधिनियम" की धारा 51 में, उपधारा (7) में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 54 का संशोधन	18.	"मूल अधिनियम" की धारा 54 में,- (क) उपधारा (3) में, दूसरा परंतुक विलोपित किया जाएगा; (ख) उपधारा (14) के पश्चात् और स्पष्टीकरण से पूर्व, निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात् :- "(15) इस धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, माल की पूर्ति की शून्य दर पूर्ति के कारण अप्रयुक्त इनपुट कर प्रत्यय या माल की शून्य दर पूर्ति के कारण संदत्त एकीकृत कर का कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जहाँ माल की ऐसी शून्य दर पूर्ति निर्यात शुल्क के अध्यधीन है।"।
धारा 61 का संशोधन	19.	"मूल अधिनियम" की धारा 61 में, उपधारा (3) में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 62 का संशोधन	20.	"मूल अधिनियम" की धारा 62 में, उपधारा (1) में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 63 का संशोधन	21.	"मूल अधिनियम" की धारा 63 में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 64 का संशोधन	22.	"मूल अधिनियम" की धारा 64 में, उपधारा (2) में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 65 का संशोधन	23.	"मूल अधिनियम" की धारा 65 में, उपधारा (7) में, "धारा 73 या धारा 74 " शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

धारा 66 का संशोधन	24.	"मूल अधिनियम" की धारा 66 में, उपधारा (6) में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 70 का संशोधन	25.	"मूल अधिनियम" की धारा 70 में, उपधारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्:- (1क) उपधारा (1) के अंतर्गत समन किये गए सभी व्यक्तियों को या तो व्यक्तिगत रूप से हो या किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना अनिवार्य होगा जैसा कि ऐसा अधिकारी निर्देश दे और इस प्रकार उपस्थित होने वाला व्यक्ति परीक्षण के दौरान सत्य बोलेगा या बयान देगा या ऐसे दस्तावेज और अन्य वस्तुएं, जो भी अपेक्षित हो, प्रस्तुत करेगा।"।
धारा 73 का संशोधन	26.	"मूल अधिनियम" की धारा 73 में,- (i) पार्श्वशीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्वशीर्ष प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात् :- "कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने से भिन्न किसी अन्य कारण से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की अवधि से सम्बंधित असंदत्त या कम संदत्त या त्रुटिवश प्रतिदत्त कर का अथवा गलत तरीके से उपभोग किये गए इनपुट कर प्रत्यय का अवधारण;"; (ii) उपधारा (11) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात् :- "(12) इस धारा के प्रावधान वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की अवधि से सम्बंधित कर के अवधारण के लिए लागू होंगे"।"
धारा 74 का संशोधन	27.	"मूल अधिनियम" की धारा 74 में,- (i) पार्श्वशीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्वशीर्ष प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात् :- "कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की अवधि से सम्बंधित असंदत्त या कम संदत्त या त्रुटिवश प्रतिदत्त कर का अथवा गलत तरीके से उपभोग किये गए इनपुट कर प्रत्यय का अवधारण;"; (ii) उपधारा (11) के पश्चात् तथा स्पष्टीकरण – 1 से पूर्व निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात् :- "(12) इस धारा के प्रावधान वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की अवधि से सम्बंधित कर के अवधारण के लिए लागू होंगे"।" (iii) स्पष्टीकरण 2 विलोपित कर दिया जाएगा।
नयी धारा 74क का अंत:स्थापन वित्तीय वर्ष 2024-25 व इसके अग्रेतर वर्षों के लिये किसी भी कारण से असंदत्त या कम संदत्त या त्रुटिवश प्रतिदत्त कर का अथवा गलत तरीके से उपभोग या प्रयुक्त किये गए इनपुट कर प्रत्यय का अवधारण	28.	"मूल अधिनियम" की धारा 74 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्: "74क. (1) जहां उचित अधिकारी को यह प्रतीत होता है कि किसी कर का संदाय नहीं किया गया है या कम संदाय किया गया है या त्रुटिवश वापस किया गया है, या जहां इनपुट टैक्स क्रेडिट को गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किया गया है, तो वह ऐसे कर से प्रभार्य उस व्यक्ति को , जिसने इस प्रकार संदाय नहीं किया गया है या कम संदाय किया गया है या जिसको त्रुटिवश वापस किया गया है, या जिसने गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त या प्रयुक्त किया है, यह कारण बताने की अपेक्षा करते हुए कि क्यों न वह नोटिस में निर्दिष्ट राशि के साथ-साथ धारा 50 के अधीन देय ब्याज और इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत लगने वाले शास्ति का भुगतान करे , नोटिस तामील करेगा :

प्रमाणित प्रति
लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

परन्तु यह कि कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, यदि वित्तीय वर्ष में कर जिसका संदाय नहीं किया गया है या कम संदाय किया गया है या त्रुटिवश वापस किया गया है या जहां इनपुट टैक्स क्रेडिट को गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किया गया है, एक हजार रुपये से कम है।

(2) उचित अधिकारी उस वित्तीय वर्ष के लिए, जिसके लिए कर का भुगतान नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या इनपुट टैक्स क्रेडिट गलत तरीके से लिया गया है या प्रयुक्त किया गया है, वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तारीख से बयालीस मास के भीतर या गलत प्रतिदाय की तारीख से बयालीस मास के भीतर, उपधारा (1) के अधीन नोटिस जारी करेगा।

(3) जहां किसी अवधि के लिए उपधारा (1) के अधीन नोटिस जारी किया गया है, उचित अधिकारी, उपधारा (1) के अंतर्गत आने वाली अवधि से भिन्न ऐसी अवधि के लिए, संदत्त नहीं किये गए या कम संदत्त किये गए या त्रुटिवश प्रतिदाय किये गए कर या गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किये गए इनपुट टैक्स क्रेडिट के ब्यौरों को अंतर्विष्ट करते हुए कर से प्रभार्य व्यक्ति पर विवरण की तामीली कर सकेगा।

(4) ऐसे विवरण की तामीली को उपधारा (1) के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति पर, इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए कि ऐसी अवधि के लिए जो उपधारा (1) के अंतर्गत आच्छादित अवधि से भिन्न है, विश्वास किए गए आधार वहीं है, जिनका पूर्व नोटिस में वर्णन किया गया है, नोटिस की तामीली मानी जाएगी।

(5) उस मामले में जहां कोई कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त गया है या गलत तरीके से वापस किया गया है, या जहां इनपुट टैक्स क्रेडिट को गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किया गया है, वहां शास्ति —

(i) कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने से भिन्न किसी अन्य कारण से ऐसे व्यक्ति से देय कर का दस प्रतिशत या दस हजार रुपये, जो भी अधिक हो, के बराबर होगी;

(ii) कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण ऐसे व्यक्ति से देय कर के बराबर होगी।

(6) उचित अधिकारी, कर से प्रभार्य किसी व्यक्ति द्वारा किए गए अभ्यावेदन,यदि कोई हो , पर विचार करने के बाद, ऐसे व्यक्ति से देय कर, ब्याज और शास्ति की राशि निर्धारित करेगा और आदेश जारी करेगा।

(7) उचित अधिकारी, उपधारा (2) में निर्दिष्ट नोटिस जारी करने की तारीख से बारह महीने के भीतर, उपधारा (6) के अधीन आदेश जारी करेगा:

परन्तु यह कि जहां उचित अधिकारी निर्दिष्ट अवधि के भीतर आदेश जारी करने में असमर्थ है, वहां आयुक्त, या आयुक्त द्वारा अधिकृत अधिकारी, राज्य कर के संयुक्त आयुक्त के पद से अन्यून किन्तु उचित अधिकारी के पद से वरिष्ठ अधिकारी, उपधारा (6) के अधीन आदेश जारी करने में विलम्ब के कारणों को ध्यान में रखते हुए, जो लिखित रूप में दर्ज किए जाएंगे, निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पहले, उक्त अवधि को अधिकतम छह महीने तक बढ़ा सकता है।

(8) कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने से भिन्न किसी अन्य कारण से, जहां कोई कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या गलत तरीके से वापस किया गया है, या जहां इनपुट टैक्स क्रेडिट को गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किया गया है, वहां कर से प्रभार्य व्यक्ति, —

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

		(i) उपधारा (1) के अधीन नोटिस की तामीली से पहले, अपने स्वयं के निर्धारण के आधार पर या उचित अधिकारी द्वारा निर्धारित कर के आधार पर, धारा 50 के अधीन ऐसे कर का देय ब्याज सहित भुगतान कर सकेगा और ऐसे भुगतान की सूचना उचित अधिकारी को लिखित रूप में दे सकेगा, और उचित अधिकारी, ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, उपधारा (1) के अधीन कोई नोटिस या उपधारा (3) के अधीन विवरण, जैसा भी मामला हो, उस कर, जो इस प्रकार भुगतान किया गया है या इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत देय किसी भी शास्ति, के संबंध में नहीं देगा ; (ii) कारण-बताओ नोटिस जारी होने के साठ दिनों के भीतर धारा 50 के अधीन देय ब्याज सहित उक्त कर का भुगतान कर सकेगा, और ऐसा करने पर, कोई शास्ति देय नहीं होगी और उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाही समाप्त मानी जाएगी। (9) कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण से, जहां कोई कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या गलत तरीके से वापस किया गया है, या जहां इनपुट टैक्स क्रेडिट को गलत तरीके से प्राप्त या प्रयुक्त किया गया है, वहां कर से प्रभार्य व्यक्ति, — (i) उपधारा (1) के अधीन नोटिस की तामीली से पहले, अपने स्वयं के निर्धारण के आधार पर या उचित अधिकारी द्वारा निर्धारित कर के आधार पर, धारा 50 के अधीन देय ब्याज सहित ऐसे कर और ऐसे कर के पन्द्रह प्रतिशत के बराबर शास्ति का भुगतान कर सकेगा और ऐसे भुगतान की सूचना उचित अधिकारी को लिखित रूप में दे सकेगा, और उचित अधिकारी, ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, उपधारा (1) के अधीन कोई नोटिस, उस कर, जो इस प्रकार भुगतान किया गया है या इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत देय किसी भी शास्ति, के संबंध में नहीं देगा ; (ii) नोटिस जारी होने के साठ दिनों के भीतर धारा 50 के अधीन देय ब्याज सहित उक्त कर तथा ऐसे कर के पच्चीस प्रतिशत के बराबर शास्ति का भुगतान कर सकेगा, और ऐसा करने पर, कोई शास्ति देय नहीं होगी और उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाही समाप्त मानी जाएगी। (iii) आदेश के संसूचित होने के साठ दिनों के भीतर धारा 50 के अधीन देय ब्याज और उस कर के पचास प्रतिशत के बराबर शास्ति के साथ उक्त कर का भुगतान कर सकेगा, और ऐसा करने पर, उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाही समाप्त मानी जाएगी। (10) जहां उचित अधिकारी की राय है कि उपधारा (8) के खण्ड (i) या उपधारा (9) के खण्ड (i) के अधीन भुगतान की गई राशि वास्तव में देय राशि से कम है, वह, उस राशि के संबंध में जो वास्तविक रूप में देय राशि से कम है, उपधारा (1) में यथा उपबंधित नोटिस जारी करेगा। (11) उपधारा (8) के खण्ड (i) या खण्ड (ii) में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, उपधारा (5) के खण्ड (i) के अधीन शास्ति देय होगी जहां किसी भी स्व-मूल्यांकित कर की राशि या कर के रूप में एकत्र की गई राशि का भुगतान ऐसी कर के भुगतान की नियत तारीख से तीस दिनों के भीतर नहीं किया गया है। (12) इस धारा के प्रावधान वित्तीय वर्ष 2024-25 व अग्रेतर से संबंधित कर के निर्धारण के लिए लागू होंगे। स्पष्टीकरण 1.— इस धारा के प्रयोजनों के लिए,— (i) "उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाहियां" अभिव्यक्ति में धारा 132 के अधीन कार्यवाहियां शामिल नहीं होगी;

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

		(ii) जहां नोटिस उन्हीं कार्यवाहियों के अधीन, कर का संदाय करने के लिए दायी मुख्य व्यक्ति और किन्हीं अन्य व्यक्तियों को , जारी किया जाता है, और मुख्य व्यक्ति के विरुद्ध ऐसी कार्यवाहियां इस धारा के अधीन समाप्त हो गयी हैं, तो धारा 122 और धारा 125 के अधीन शास्ति का संदाय करने के लिए दायी सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाहियां समाप्त हुई समझी जाएगी। स्पष्टीकरण 2. — इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "छिपाना" से ऐसे तथ्यों या जानकारी को घोषित नहीं करना, जिसे कराधेय व्यक्ति से इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन दी गयी विवरणी, विवरण, रिपोर्ट या किसी अन्य दस्तावेज में घोषित करने की अपेक्षा है, या उचित अधिकारी द्वारा लिखित में मांगे जाने पर किसी सूचना को प्रस्तुत करने में विफलता, अभिप्रेत है।
धारा 75 का संशोधन	29.	"मूल अधिनियम" की धारा 75 में,- (क) उपधारा (1) में, "धारा 74 की उपधारा (2) और उपधारा (10)" शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के पश्चात् "या धारा 74 क की उपधारा (2) और (7)" शब्द, कोष्ठक, अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे ; (ख) उप-धारा (2) के पश्चात निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्:- "(2क) जहां किसी अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय का यह निष्कर्ष है कि धारा 74 क की उपधारा (5) के खण्ड (ii) के अंतर्गत शास्ति इस कारण से पोषणीय नहीं है कि कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने का आरोप उस व्यक्ति के विरुद्ध सिद्ध नहीं किये गए हैं, जिसको नोटिस जारी किया गया था, तो ऐसे व्यक्ति द्वारा धारा 74 क की उपधारा (5) के खण्ड (i) के अधीन शास्ति देय होगा।"; (ग) उपधारा (10) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा प्रतिस्थापित कर दी जाएगी, अर्थात् :- "(10) न्यायनिर्णयन कार्यवाहियां समाप्त हुई समझी जाएंगी यदि आदेश धारा 73 की उपधारा (10) या धारा 74 की उपधारा (10) या धारा 74 क की उपधारा (7) में यथा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर जारी नहीं किया जाता है।"; (घ) उपधारा (11) में, "धारा 74 की उपधारा (10)" शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क की उपधारा (7)" शब्द, कोष्ठक, अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे ; (ङ) उपधारा (12) में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे ; (च) उपधारा (13) में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द,अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे ;
धारा 104 का संशोधन	30.	"मूल अधिनियम" की धारा 104 की उपधारा (1) में, स्पष्टीकरण के स्थान पर निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :- "स्पष्टीकरण-धारा 73 की उपधारा (2) और उपधारा (10) या धारा 74 की उपधारा (2) और उपधारा (10) या धारा 74 क की उपधारा (2) और (7) में विनिर्दिष्ट अवधि की गणना करते समय इस उपधारा के अधीन ऐसे अग्रिम विनिर्णय की तारीख से प्रारंभ होने वाली और आदेश की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि को परिवर्जित कर दिया जाएगा।"।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

धारा 107 का संशोधन	31.	"मूल अधिनियम" की धारा 107 में,- (क) उपधारा (6) में, खण्ड (ख) में, "पच्चीस" शब्द के स्थान पर "बीस" शब्द प्रतिस्थापित कर दिए जायेंगे ; (ख) उपधारा (11) में, दूसरे परंतुक में, "धारा 73 या धारा 74" शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द, अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे ;
धारा 112 का संशोधन	32.	"मूल अधिनियम" की धारा 112 में,- (क) 01 अगस्त , 2024 से प्रभावी, उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा प्रतिस्थापित कर दी जाएगी,अर्थात् :- "(1) इस अधिनियम की धारा 107 या धारा 108 या केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, उस आदेश के विरुद्ध अपील अधिकरण को अपील उस तारीख से, जिसको वह आदेश, जिसके विरुद्ध अपील चाही गयी है, अपील चाहने वाले व्यक्ति को संसूचित किये जाने के तीन मास या इस अधिनियम के अधीन अपील अधिकरण के समक्ष अपील दाखिल करने के लिए, तारीख, जैसा कि परिषद की संस्तुति पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, जो भी पश्चातवर्ती हो, के भीतर अपील कर सकेगा । "। (ख) 01 अगस्त , 2024 से प्रभावी, उपधारा (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा प्रतिस्थापित कर दी जाएगी,अर्थात्:- "(3) आयुक्त, आदेश की विधिमान्यता या औचित्य के संबध में स्वयं का समाधान करने के प्रयोजन के लिए, स्वप्रेरणा से या केन्द्रीय कर आयुक्त के अनुरोध पर, इस अधिनियम या केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के अधीन अपील प्राधिकारी या पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश के अभिलेख को मांग सकता है और परीक्षण कर सकता है और आदेश द्वारा अपने किसी अधीनस्थ अधिकारी को, उक्त आदेश से उद्भुत ऐसे बिन्दुओं, जिसका उल्लेख आयुक्त अपने आदेश में करेगा, के विनिश्चय के लिए उक्त आदेश के पारित होने की तारीख से छह मास के भीतर या इस अधिनियम के अधीन अपील अधिकरण के समक्ष आवेदन दाखिल करने के लिए, तारीख, जैसा कि परिषद् की संस्तुति पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, जो भी पश्चातवर्ती हो, अपील अधिकरण में आवेदन करने का निदेश कर सकता है। " । (ग) उपधारा (6) में " अपील अधिकरण, उपधारा (1) में निर्दिष्ट अवधि के अवसान के पश्चात् तीन मास में एक अपील स्वीकार कर सकेगा" शब्दों, कोष्ठक, और अंक के स्थान पर "अपील अधिकरण, उपधारा (1) में निर्दिष्ट कालावधि की समाप्ति के पश्चात् तीन मास के भीतर अपील स्वीकार कर सकेगा या उपधारा (3) में संदर्भित अवधि की समाप्ति के पश्चात् तीन माह के भीतर आवेदन दाखिल करने की अनुमति दे सकेगा" शब्द, कोष्ठक, और अंक प्रतिस्थापित कर दिए जायेंगे; (घ) उपधारा (8) में, खण्ड (ख) में,- (i) "बीस प्रतिशत" शब्द के स्थान पर "दस प्रतिशत" शब्द प्रतिस्थापित कर दिए जायेंगे ; (ii) "पचास करोड़ रूपये" शब्द के स्थान पर "बीस करोड़ रूपये" शब्द प्रतिस्थापित कर दिए जायेंगे।
धारा 122 का संशोधन	33.	"मूल अधिनियम" की धारा 122 की उपधारा (1ख) में, 01 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी, "कोई इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्यिक प्रचालक, जो" शब्दों के स्थान पर, "कोई इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्यिक प्रचालक, जो धारा 52 के अंतर्गत श्रोत पर कर संग्रहण के लिए दायी है," शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

नई धारा 122क का अंत:स्थापन विशेष प्रक्रिया के अनुसार माल के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कतिपय मशीनों के पंजीकरण में असफल रहने पर दंड	34.	"मूल अधिनियम की धारा 122 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत: स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्: — "122क. (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, जहां कोई व्यक्ति, जो उन वस्तुओं के निर्माण में संलग्न है, जिनके संबंध में धारा 148 के अधीन मशीनों के रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कोई विशेष प्रक्रिया अधिसूचित की गई है, उक्त विशेष प्रक्रिया का उल्लंघन में कार्य करता है, तो उसे, अध्याय 15 या इस अध्याय के किसी अन्य प्रावधान के तहत भुगतान की गई या देय किसी भी शास्ति के अतिरिक्त, प्रत्येक मशीन के लिए जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है, एक लाख रुपये की राशि के बराबर शास्ति के लिए दायी होगा। (2) उपधारा (1) के अधीन शास्ति के अतिरिक्त, प्रत्येक मशीन जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है, अभिग्रहण और जब्ती के लिए उत्तरदायी होगी: परन्तु ऐसी मशीन जब्त नहीं की जाएगी जहां— (क) अधिरोपित शास्ति का भुगतान कर दिया गया है; और (ख) शास्ति के आदेश की संसूचना की प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर विशेष प्रक्रिया के अनुसार ऐसी मशीन का रजिस्ट्रीकरण किया गया है।".
धारा 127 का संशोधन	35.	"मूल अधिनियम" की धारा 127 में, "धारा 73 या धारा 74 "शब्दों और अंकों के पश्चात "या धारा 74 क" शब्द, अंक और अक्षर अंत:स्थापित कर दिए जायेंगे।
नयी धारा 128क का अंत:स्थापन धारा 73 के अधीन सृजित मांग से सम्बंधित ब्याज या शास्ति या दोनों का अधित्यजन	36.	"मूल अधिनियम" की धारा 128 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित कर दी जाएगी, अर्थात्:— "128क. (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, जहाँ किसी व्यक्ति द्वारा कर से प्रभार्य कोई कर की धनराशि, देय है, — (क) धारा 73 की उपधारा (1) के अधीन जारी नोटिस या धारा 73 की उपधारा (3) के अधीन जारी विवरण, और जहां धारा 73 की उपधारा (9) के अधीन कोई आदेश जारी नहीं किया गया है; या (ख) धारा 73 की उपधारा (9) के अधीन पारित आदेश, और जहां धारा 107 की उपधारा (11) या धारा 108 की उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया गया है; या (ग) धारा 107 की उपधारा (11) या धारा 108 की उपधारा (1) के अधीन पारित आदेश, और जहां धारा 113 की उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया गया है, 1 जुलाई, 2017 से 31 मार्च, 2020 की अवधि या उसके किसी भाग से संबंधित, और उक्त व्यक्ति, परिषद् की सिफारिशों पर सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली तारीख से या उससे पूर्व यथास्थिति, नोटिस या विवरण या आदेश के अनुसार देय कर की पूरी राशि का भुगतान करता है, जैसा कि खण्ड (क), खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में संदर्भित है, यथास्थिति, धारा 50 के अधीन कोई ब्याज और इस अधिनियम के अधीन कोई शास्ति देय नहीं होगी और उक्त नोटिस या विवरण या बयान के संबंध में सभी कार्यवाही, जैसी भी स्थिति हो, ऐसी शर्तों के अधीन जो विहित की जाये, समाप्त मानी जाएगी, परन्तु यह कि जहां धारा 74 की उपधारा (1) के अधीन नोटिस जारी किया गया है, और धारा 75 की उपधारा (2) के प्रावधानों के अनुसार अपीलीय प्राधिकारी या अपीलीय न्यायाधिकरण या न्यायालय के निर्देश के अनुसरण में उचित अधिकारी द्वारा आदेश पारित किया गया है या पारित किया जाना अपेक्षित है, उक्त नोटिस या आदेश को इस उपधारा के खण्ड (क) या खण्ड (ख) में संदर्भित नोटिस या आदेश माना जाएगा, जैसी भी स्थिति हो:

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

		परंतु यह और कि इस उपधारा के अधीन कार्यवाहियों का समापन, उन मामलों में जहां, खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में निर्दिष्ट आदेश या प्रथम परंतुक में निर्दिष्ट अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय के विरुद्ध, धारा 107 की उपधारा (3) के अधीन या धारा 112 की उपधारा (3) के अधीन कोई आवेदन दाखिल किया जाता है या धारा 117 की उपधारा (1) के अधीन या धारा 118 की उपधारा (1) के अधीन राज्य कर के किसी अधिकारी द्वारा अपील दाखिल की जाती है या जहां धारा 108 की उपधारा (1) के अधीन कोई कार्यवाहियां आरंभ की जाती हैं, इस शर्त के अधीन होगा कि उक्त व्यक्ति, यथास्थिति, अपीलीय प्राधिकारी या अपीलीय न्यायाधिकरण या न्यायालय या पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश के अनुसार, देय कर की अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो, का भुगतान उक्त आदेश की तारीख से तीन महीने के भीतर करता है: परंतु यह भी कि जहां ऐसा ब्याज और शास्ति का भुगतान पहले ही किया जा चुका है, वहां उसका कोई प्रतिदाय उपलब्ध नहीं होगा । (2) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट कोई बात उस राशि के संबंध में लागू नहीं होगी जो व्यक्ति द्वारा गलत प्रतिदाय के कारण देय है। (3) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट कोई बात उन मामलों के संबंध में लागू नहीं होगी जहां उक्त व्यक्ति द्वारा दायर की गई अपील या रिट याचिका यथास्थिति अपीलीय प्राधिकारी या अपीलीय न्यायाधिकरण या न्यायालय के समक्ष लंबित है, और उक्त व्यक्ति द्वारा उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित तिथि पर या उससे पहले वापस नहीं ली गई है। (4) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां उपधारा (1) के अधीन निर्दिष्ट किसी राशि का भुगतान किया गया है और उक्त उप-धारा के अधीन कार्यवाही को समाप्त समझा गया है, वहां धारा 107 की उपधारा (1) या धारा 112 की उपधारा (1) के अधीन कोई अपील यथास्थिति उपधारा (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में उल्लिखित आदेश के विरुद्ध नहीं होगी।
धारा 171 का संशोधन	37.	"मूल अधिनियम" की धारा 171 में,- (क) उपधारा (2) में, निम्नलिखित परंतुक और स्पष्टीकरण अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:- 'परन्तु यह कि सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, उस तारीख को निर्दिष्ट कर सकेगी , जिससे उक्त प्राधिकारी किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट लिए जाने या कर की दर में कमी के परिणामस्वरूप उसके द्वारा आपूर्ति की गयी माल और सेवाओं या दोनों की कीमत में समानुपातिक कमी हुई है या नहीं, की परीक्षण के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं करेगा । स्पष्टीकरण – इस उपधारा के प्रयोजन के लिए, "परीक्षण के लिए अनुरोध" का अर्थ वह लिखित आवेदन है जो किसी आवेदक द्वारा यह परीक्षा करने के लिए दाखिल किया गया है कि किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा लिया गया इनपुट टैक्स क्रेडिट या कर की दर में कमी के परिणामस्वरूप उसके द्वारा आपूर्ति की गयी माल और सेवाओं या दोनों की कीमत में समानुपातिक कमी हुई है या नहीं । ' ; (ख) स्पष्टीकरण को स्पष्टीकरण 1 के रूप में पुन:क्रमांकित किया जाएगा और स्पष्टीकरण 1, जो इस प्रकार पुन:क्रमांकित किया गया है, के पश्चात् स्पष्टीकरण अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :- 'स्पष्टीकरण 2- इस धारा के प्रयोजन के लिए, अभिव्यक्ति "प्राधिकारी" में "अपीलीय अधिकरण " सम्मिलित होगा ।' ।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

अनुसूची 3 में संशोधन	38.	"मूल अधिनियम की अनुसूची 3 में, प्रस्तर 8 के बाद और स्पष्टीकरण 1 से पूर्व, निम्नलिखित प्रस्तर अंत: स्थापित किये जाएंगे, अर्थात्: — "9. सह-बीमा समझौतों में बीमाकृत को मुख्य बीमाकर्ता और सह-बीमाकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई बीमा सेवाओं के लिए मुख्य बीमाकर्ता द्वारा सह-बीमाकर्ता को सह-बीमा प्रीमियम के विभाजन का क्रियाकलाप, इस शर्त के अधीन कि मुख्य बीमाकर्ता द्वारा बीमाकृत द्वारा भुगतान की गई प्रीमियम की पूरी राशि पर केंद्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्य क्षेत्र कर और एकीकृत कर का भुगतान किया गया है। 10. बीमाकर्ता द्वारा पुनर्बीमाकर्ता को प्रदान की गई सेवाएं, जिसके लिए बीमाकर्ता द्वारा पुनर्बीमाकर्ता को भुगतान किये गए पुनर्बीमा प्रीमियम से सीडिंग कमीशन या पुनर्बीमा कमीशन की कटौती की गयी है, इस शर्त के अधीन कि बीमाकर्ता द्वारा पुनर्बीमाकर्ता को देय सकल पुनर्बीमा प्रीमियम पर केंद्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्य क्षेत्र कर और एकीकृत कर का भुगतान किया गया है, जिसमें उक्त सीडिंग कमीशन या पुनर्बीमा कमीशन शामिल है।"."
संदत्त किये गए कर या विलोमित किये गए इनपुट टैक्स क्रेडिट का प्रतिदाय नहीं किया जाना	39.	संदत्त किये गए समस्त कर या विलोमित किये गए इनपुट टैक्स क्रेडिट, जो संदत्त नहीं किया गया होता या विलोमित नहीं किया गया होता, यदि धारा 7 सभी तात्विक समय पर प्रभावी होती, का प्रतिदाय नहीं किया जाएगा ।

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

THE UTTARAKHAND GOODS AND SERVICES TAX (AMENDMENT) BILL, 2025

(Uttarakhand Bill No. of 2025)

A

Bill

further to amend the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (Act No. 06 of 2017)-

Be it enacted by the Uttarakhand State Legislature in the Seventy-sixth year of the Republic of India as follows: -

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Uttarakhand Goods and Services Tax (Amendment) Act, 2025.

(2) Save as otherwise provided, in this Act,

(a) the provisions mentioned in clauses 7, 37 and 39 shall be deemed to have come into force on the 27th day of September, 2024;

(b) the provisions mentioned in clause 34 shall be deemed to have come into force on the 01st day of October, 2024;

(c) the provisions mentioned in clauses 3 to 6, clause 8, clauses 10 to 33, clause 35 and 36 and clause 38 shall be deemed to have come into force on the 01st day of November, 2024;

(d) the provisions mentioned in clause 2 and 9 shall come into force on the 01st day of April, 2025.

Amendment of section 2

2. In the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (hereinafter referred to as the Principal Act), in section 2, for clause (61), the following clause shall be substituted, namely: –

'(61) "Input Service Distributor" means an office of the supplier of goods or services or both which receives tax invoices towards the receipt of input services, including invoices in respect of services liable to tax under sub-section (3) or sub-section (4) of section 9, for or on behalf of distinct persons referred to in section 25, and liable to distribute the input tax credit in respect of such invoices in the manner provided in section 20;'.

Amendment of section 9

3. In the Principal Act, in section 9, in sub-section (1), after the words "alcoholic liquor for human consumption", the words "and un-denatured extra neutral alcohol or rectified spirit used for manufacture of alcoholic liquor, for human consumption" shall be inserted.

प्रमाणित प्रति

लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

Amendment of section 10

4. In section 10 of the Principal Act, in sub-section (5), after the words and figures "section 73 or section 74", the words, figures and letter "or section 74A" shall be inserted.

Insertion of new section 11A.

Power not to recover Goods and Services Tax not levied or short-levied as a result of general practice

5. After section 11 of the Principal Act, the following section shall be inserted, namely: —

"11A. Notwithstanding anything contained in this Act, if the Government is satisfied that—

(a) a practice was, or is, generally prevalent regarding levy of state tax (including non-levy thereof) on any supply of goods or services or both; and

(b) such supplies were, or are, liable to, —

(i) state tax, in cases where according to the said practice, state tax was not, or is not being, levied, or

(ii) a higher amount of state tax than what was, or is being, levied, in accordance with the said practice,

the Government may, on the recommendation of the Council, by notification in the Official Gazette, direct that the whole of the state tax payable on such supplies, or, as the case may be, the state tax in excess of that payable on such supplies, but for the said practice, shall not be required to be paid in respect of the supplies on which the state tax was not, or is not being levied, or was, or is being, short-levied, in accordance with the said practice."

Amendment of section 13

6. In section 13 of the Principal Act, in sub-section (3), --

(i) For clause (b), the following clause shall be substituted, namely: —

